# 17 राजस्थान के लोकगीत

1. किसानों का प्रेरक गीत, जो खेती आरम्भ करते समय गाया जाता है?
(1) कामण (2) तेजा गीत
(3) पपैयो (4) झोरावा (2)

2. राजस्थान का रजवाड़ी गीत 'केसरिया बालम' किस राग में गाया जाता है ?
(1) मांड (2) पीलू
(3) सारंग (4) मोड (1)

**व्याख्या–** केसरिया बालम राजस्थान का राज्यगीत है। इसमें विदेश गये पति को आने का संदेश दिया जाता है। इसमें पति की प्रतीक्षा करती हुई एक नारी की विरह व्यथा है।

3. 'लोकगीत किसी संस्कृति के मुँह बोले चित्र हैं।' यह किसका कथन है?
(1) देवेन्द्र सत्यार्थी (2) सत्येन्द्र त्रिपाठी
(3) महात्मा गाँधी (4) डॉ. जैतनारायण शास्त्री (1)

4. निम्न में से कौनसा गीत विवाह से सम्बन्धित नहीं है?
(1) जलो जलाल (2) पीठी
(3) बन्ना-बन्नी (4) रसिया (4)

**व्याख्या–** यह भरतपुर-धौलपुर क्षेत्र का प्रसिद्ध गीत है, जो होली के त्योहार पर बम वाद्ययंत्र के साथ गाया जाता है।

5. सगाई के बाद विवाह में देरी होने पर कन्या द्वारा गाया जाने वाला गीत है?
(1) कुरजां (2) सुवटियों
(3) पपैयो (4) मोरियो (4)

**व्याख्या–** मोरिया एक सरस लोकगीत है।

6. निम्न में से कौन सा एक लोकगीत राजस्थान के पर्वतीय क्षेत्र का नहीं है?
(1) बिछीयो (2) कुरजाँ
(3) लालर (4) पटेल्या (2)

**व्याख्या–** कुरजाँ गीत के माध्यम से विरहणी अपने प्रियतम को कुरजाँ पक्षी के माध्यम से संदेश पहुँचाना चाहती है। यह मरूस्थलीय क्षेत्र का गीत है।

7. विवाह के अवसर पर वर-वधू को नहलाने से पहले उबटन लगाते समय गाया जाने वाला गीत है?
(1) चाक गीत (2) घोड़ी
(3) पावणा (4) पीठी (4)

8. ढ़ोलामारू लोकगीत है?
(1) झालावाड़ का (2) बीकानेर का
(3) शेखावाटी का (4) सिरोही का (4)

**व्याख्या–** ढ़ोला मारू ढ़ोला (नरवर, झालावाड़ का राजकुमार) व मारू (पुगल, बीकानेर की राजकुमारी) की प्रेमकथा पर आधारित लोकगीत है।

9. प्रश्नोत्तर प्रकार का गीत, जिसमें पत्नी अपने पति को व्यापार हेतु विदेश जाने की प्रेरणा देती है?
(1) पवाड़ा (2) बिणजारा
(3) पंछीड़ा (4) पीपली (2)

10. राजस्थान की लोकदेवियों में सबसे लम्बा गीत किस लोकदेवी का है?
(1) शीला देवी (2) जीण माता
(3) करणी माता (4) कैला देवी (2)

11. कच्छीघोड़ी नृत्य करते समय गाये जाने वाले गीत हैं?
(1) पटेल्या, बीछियो एवं लालर
(2) लसकरिया, बीन्द, रसाला, रमगारिया
(3) कुरजां, पीपली, रतनराणो
(4) गणगौर, फाग व हिंडो (2)

12. 'म्हारी बरसाले री मूमल, हालै नी ऐ आलीजे रे देस' नामक लोकगीत किस क्षेत्र से संबंधित है–
(1) बीकानेर (2) जैसलमेर
(3) जोधपुर (4) जालौर (2)

**व्याख्या–** मूमल जैसलमेर का प्रसिद्ध शृंगारिक लोकगीत है। मूमल लोद्रवा की राजकुमारी तथा महेन्द्र अमरकोट का राजकुमार था। इनके ऐतिहासिक प्रेमाख्यान पर आधारित यह लोकगीत है।

13. लांगूरिया गीत का सम्बन्ध किससे है?
(1) शीला देवी (2) जीण माता
(3) कैला देवी (4) करणी माता (3)

**व्याख्या–** करौली क्षेत्र में कैला देवी की अराधना में भक्तों द्वारा अलगोजा के साथ लांगूरिया गीत गाया जाता है।

14. 'सारंग' राग किस समय गाया जाता है?
(1) भोर के समय (2) रात्रि में
(3) वर्षा के समय (4) दोपहर काल (4)

**व्याख्या–** सारंग राग का समय दोपहर के 12:00 P.M. से 02:00 P.M. तक का है।

15. "लोकगीत जनता की भाषा है, लोकगीत हमारी संस्कृति के पहरेदार है" उक्त कथन है?
(1) देवेन्द्र सत्यार्थी (2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(3) महात्मा गाँधी (4) रविन्द्र नाथ टैगोर (3)

16. मूमल क्या है?
(1) लोक गायन शैली (2) एक लोकगीत
(3) लोक कलाकार (4) एक संगीत ग्रन्थ (2)

17. 'लांगुरिया' लोकगीत है?
(1) विरह गीत (2) भक्ति गीत
(3) शृंगारिक गीत (4) विवाह गीत (2)

18. बिलावल, जोगिया, मारू, सिन्धु क्या है?
(1) राजस्थान के लोकगीत (2) लोकगायन शैलियाँ
(3) लोकगीतों की राग (4) सगीत जीवी जातियाँ (3)

**व्याख्या–** राजस्थान में लोकगीतों के अनेक राग प्रचलित हैं जैसे– मांड, देस, सोरठ, मारू, सिन्धू, परज, कालिगंड़ा, जोगिया, आसावरी, बिलावल, पीलू व खमाज आदि।

19. 'जला' गीत स्त्रियों द्वारा कब गाया जाता है?
(1) वर की बारात का डेरा देखने जाने पर
(2) होलिका दहन के अवसर पर
(3) दशहरे पर रावण दहन के समय
(4) दुल्हे को जादू टोने से बचाने के लिए (1)

20. घूघरी, केवड़ा आदि लोकगीत किस क्षेत्र से सम्बन्धित हैं?
(1) पूर्वी राजस्थान से (2) पर्वतीय क्षेत्र
(3) मैदानी क्षेत्र (4) मरूस्थलीय क्षेत्र (4)

**व्याख्या–** मरूस्थलीय लोकगीतों में कुरजाँ, पीपली, रतन राणों, मूमल, घूघरी व केवड़ा आदि प्रमुख लोकगीत है।

21. 'कुरजां गीत' राजस्थान में बहुत प्रसिद्ध है, इसमें कुरजां शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(1) गरासियों की लोकदेवी (2) प्रसिद्ध श्रृंगारिक लोक गीत
(3) यह एक प्रकार का पक्षी है (4) आदिवासी स्त्रियों का पीहर (3)

**व्याख्या–** कुरजां गीत के माध्यम से विरहनी अपने प्रियतम को कुरजां पक्षी के माध्यम से संदेश पहुंचाना चाहती है। इसमें कुरंजा को विरहनियों का पक्षी कहा गया हैं। ''कुरजां एं म्हारो भँवर मिला द्यो ए''।

22. राजस्थान में स्त्रियाँ गोलाकार घेर में नृत्य करते हुए जो गीत गाती हैं, वह है?
(1) धमाल (2) नेजा
(3) घूमर/लूर (4) इण्डोणी (3)

23. करौली क्षेत्र में 'कैला देवी' की आराधना में गाया जाने वाला गीत है?
(1) हरजस (2) पवाड़े
(3) बधावा (4) लाँगुरिया (4)

24. परणेत गीत कब गाये जाते है?
(1) जन्म पर (2) शादी पर
(3) गृह प्रवेश पर (4) मृत्यु पर (2)

25. सबसे लम्बा लोकगीत किस लोकदेवता का है?
(1) गोगाजी (2) पाबू जी
(3) हड़बू जी (4) रामदेव जी (4)

26. किस गीत में राजस्थानी स्त्री को पतिव्रता धर्म पर अटल रहना बताया गया है?
(1) हिचकी गीत (2) झोरावा
(3) पणिहारी गीत (4) फलसड़ा (3)

**व्याख्या–** पणिहारी गीत को पानी भरने जाते समय भी महिलाओं द्वारा गाया जाता है।

27. किस गीत में गर्भवती महिला अपनी सास से खाने की चीजों की माँग करती है?
(1) माँग गीत (2) हूंस गीत
(3) इच्छा गीत (4) इतल–पीतल (2)

28. निम्न में से कौनसा लोकगीत विवाह से सम्बन्धित नहीं है?
(1) जीमणवार (2) कांकण डोरा
(3) जुआ–जुई (4) मरसिया (4)

**व्याख्या–** मारवाड़ क्षेत्र में किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की मृत्यु होने पर मरसिया गीत गाया जाता है।

29. विवाह के अवसर पर स्त्रियों द्वारा कुम्हार के घर जाकर चाक पूजते समय गाया जाने वाला गीत है?
(1) चाक गीत (2) झूलरिया
(3) परणेत गीत (4) बिंदोला (1)

30. शादी में भात भरने के अवसर पर गाया जाने वाला गीत है?
(1) बधावा (2) माहेरा
(3) लहंगी (4) हड़जस (2)

31. कोयलड़ी गीत किस अवसर पर गाया जाता है–
(1) पति की विदाई पर गाया जाने वाला गीत
(2) पत्नी की याद में पति द्वारा गाया जाने वाला गीत
(3) दुल्हन द्वारा पीहर की याद में गाया जाने वाला गीत
(4) दुल्हन की विदाई पर गाया जाने वाला गीत (4)

32. भील स्त्री द्वारा गाया जाने वाला विरह गीत सुवटिया गीत में 'सुवटिया' का अर्थ है?
(1) तोता (2) मोर
(3) गौरेया (4) कुरजां (1)

**व्याख्या–** सुवटिया एक विरह गीत है जिसमें भीलनी स्त्री सुवटिया के माध्यम से पति को संदेश भिजवाती है।

33. शेखावाटी में वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला गीत है?
(1) पंछीड़ा (2) ओल्यू
(3) पीपली (4) रसिया (3)

34. किस गीत में नायक द्वारा नायिका को बुलाया जाता है?
(1) लावणी (2) पीपली
(3) हिचकी (4) पपैहा (1)

**व्याख्या–** लावणी गीत फसल काटते समय भी गाया जाता हैं, मोरध्वज, सेउंसमन व भरथरी प्रमुख लावणियाँ हैं।

35. बेटी की विदाई पर गाया जाने वाला गीत है?
(1) पीपली (2) ओल्यू
(3) चिरमी (4) मूमल (2)

36. फसल काटते समय गाया जाने वाला गीत है?
(1) कागा (2) लावणी
(3) जीरो (4) तेजागीत (2)

37. भरतपुर, धौलपुर क्षेत्र में होली के अवसर पर बम वाद्ययंत्र के साथ गाया जाने वाला गीत है?
(1) हिचकी (2) धमाल
(3) रसिया (4) बादली (3)

38. कौनसा गीत नवजात बच्चे के संबंध में नहीं गाया जाता है?
(1) घूघरी (2) होलर
(3) आंबो (4) जच्चा (3)

**व्याख्या–** आंबो गीत पुत्री की विदाई पर गाया जाता है।

39. पुत्री की विदाई के समय पर गाया जाने वाला गीत है?
(1) फलसड़ा (2) दुपट्टा
(3) कलाकी (4) आंबो (4)

40. काछबा क्या है–
(1) पश्चिमी राजस्थान में गाया जाने वाला प्रेम गीत
(2) पूर्वी राजस्थान में गाया जाने वाला विरह गीत
(3) उत्तरी राजस्थान में गाया जाने वाला भक्ति गीत
(4) दक्षिणी राजस्थान में गाया जाने वाला विवाह गीत (1)